हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
20 अगस्त 2024, समय 1810

- सर्वोच्च न्यायलय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया ।
- मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, लेटरल एंट्री को आरक्षण से जोड़ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक न्याय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- राज्य के मुख्या निर्वाचन अधिकारी ने चंडीगढ़ में प्रेस वार्ता कर चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी साझा की ।
- हरियाणा में विधान सभा चुनाव के मद्देनज़र विभिन्न जिला निर्वाचन अधिकारिओं ने आदर्श आचार संहिता के पालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक की ।
- हरियाणा में राज्य सभा सदस्य के निर्वाचन हेतु उप चुनाव का कार्यक्रम जारी हुआ, बीजेपी ने किरण चौधरी को अपना उमीदवार घोषित किया ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में वीर भूमि जाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।

*************************************************************************

सर्वोच्च न्यारयालय ने स्वा स्थ्यिक कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्री य कार्यबल गठित किया है। मुख्यब न्या यधीश डी. वाई. चन्द्रखचूड के नेतृत्वा वाली खंडपीठ ने कोलकाता के अस्पधताल में एक महिला डॉक्ट र से दुष्ककर्म और हत्यात के मामले की सुनवाई के दौरान कार्यबल से तीन सप्तातह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुतत करने का निर्देश दिया है। मुख्यप न्यामयधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अदालत देशभर से डॉक्टारों का एक राष्ट्रीिय कार्यबल गठित कर रही है। ये कार्यबल ऐसे दिशा-निर्देशों की सिफारिश करेगा जो पूरे देश में लागू होंगे।

*************************************************************************

सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग - यूपीएससी को नौकरशाही में लैटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में 45 संयुक्ती सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्तय करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। विपक्षी पार्टियों ने इस विज्ञापन पर प्रश्नत उठाए थे। केंद्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग मंत्री डॉ.जितेन्द्रे सिंह ने यूपीएससी की अध्यमक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्या य के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। सूचना

और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि लेटरल एंट्री को आरक्षण के प्रावधानों से जोड़ना समाजिक न्याय के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं और उनके कार्यक्रम समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए होते हैं।

**********************************************************************

हरियाणा विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद आज राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता कर चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 5 सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 12 सितंबर तक नामांकन किया जा सकेगा। उम्मीदवार 16 सितंबर को अपना नाम वापिस ले सकते हैं। एक अक्तूबर को होने वाले मतदान के लिए बीस हजार, 600 मतदाता केंद्रों का मसौदा जारी हो चुका है। 818 नए केंद्र बनाए गए हैं। 27 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी और मतदाता दो सितंबर तक सूची में त्रुटि को ठीक करवाने के लिए आवेदन दे सकते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश में कुल दो करोड़, 2 लाख, 427 मतदाता हैं। इनमें 95 लाख, 3 हजार, 407 महिला मतदाता शामिल हैं।

**********************************************************************

जींद के जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा है कि जिले में संपत्ति विरूपण अधिनियम की सख्ती से पालना की जाएगी। उन्हीने आज लघु सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही कि जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और सभी को इसकी पालना करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों से विभिन्न प्रकार की प्रचार सामग्री व राजनीतिक गतिविधियों से संबंधित सामग्री तुरंत हटा दी गई है। कोई भी राजनीतिक पार्टी या व्यक्ति चुनाव से संबंधित प्रचार सामग्री किसी सरकारी भवन अथवा निजी भवन की दीवारों पर बिना अनुमति नहीं लगा सकेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के पश्चात महिला मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है और अब दस लाख 20 हजार 916 मतदाता मतदान करेगें।

भिवानी जिला निर्वाचन अधिकारी महावीर कौशिक ने कहा कि विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन के पास पर्याप्त संख्या में ईवीएम और चुनाव सामग्री है। विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए जिला प्रशासन के पास संसाधनों की कमी नहीं है। उपायुक्त महाबीर कौशिक आज भिवानी में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

**********************************************************************

हरियाणा प्रदेश के विधानसभा आम चुनाव-224 को शांतिपूर्वक ढंग से करवाने के लिए जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कमेटियों का गठन किया जा रहा है। मीडिया से संबंधित मामलों और निर्देशों के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मोनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) व सोशल मीडिया निगरानी प्रकोष्ठ के लिए अधिकारियों की टीम का गठन किया गया। इस बारे मे जानकारी देते हुए पंचकुला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ यश गर्ग ने बताया कि ये दोनों कमेटी चुनाव सम्बन्धित खबरों पर नजर रखेंगी। किसी भी सूचना या समाचार से माध्यम से चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

***************************************************************************

हरियाणा में राज्यसभा के लिए एक सदस्य के निर्वाचन के लिए उपचुनाव का कार्यक्रम जारी किया गया है। नामांकन पत्रों के फॉर्म हरियाणा विधानसभा सचिवालय से सहायक रिटर्निंग अधिकारी व उप सचिव गौरव गोयल से प्राप्त किये जा सकते हैं। राज्यसभा के उपचुनाव 2024 के लिए रिटर्निंग अधिकारी डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि 18वी लोकसभा के लिए निर्वाचन होने उपरांत यह सीट खाली हुई है । उन्होंने बताया कि नामांकन किसी भी उमीदवार या उसके प्रस्तावक द्वारा 21 अगस्त 2024 तक किसी भी कार्यदिवस में रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी के पास दोपहर 3 बजे तक जमा करवाया जा सकता हैं। नामांकन पत्रों की समीक्षा 22 अगस्त कि सुबह होगी तथा 27 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन वापस ले सकते हैं,यदि आवश्यक हुआ तो मतदान 3 सितंबर 2024 को हरियाणा विधानसभा सचिवालय में प्रात 9 से सायं 4 बजे तक होगा।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में वीर भूमि जाकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। वही हरियाणा से अखिल भारतीय कांग्रेस समिति कि महासचिव तथा सांसद कुमारी सेलजा और राज्य सभा सांसद रणदीप सिंह सुजेवाल ने आज करनाल से सुबह कांग्रेस यात्रा शुरू कि। कांग्रेस नेताओं ने राजीव गाँधी कि पुण्य तिथि पर करनाल में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कि, कुमारी सेलजा न अपने सम्भोधन में कहा कि राजीव गाँधी कि प्रेरणा से हम आगे बढ़ादे है और एकता के लिए उन्होंने क़ुरबानी दी है । रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि हमें राजीव गाँधी के दिखाए रस्ते पर प्रदेश को चला है तथा कांग्रेस इस बार प्रदेश कि विधान सभस चुनाव में नए चेहरों को प्राथमिकता देगी ।

*****************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आज रोहतक में हुई। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में पार्टी के हरियाणा प्रभारी डॉक्टर सतीश पूनिया व् अन्य नेता मौजूद रहे। इस में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी लगाई गई। साथ ही बैठक में तय हुआ कि 25 अगसत को प्रदेश के 20 हजार बूथों पर पार्टी के वरिष्ठ नेता, मंत्री और विधायक जाएंगे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की जाएगी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक एवं राज्यसभा सदस्य कृष्ण पंवार ने प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना की। एक सवाल के जवाब में कृष्ण पंवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में टिकटों के बारे में फैसला पार्टी आलाकमान करेगा। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी कार्यकर्ताओं की रायशुमारी ली गई थी।

*****************************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने तोशाम विधानसभा क्षेत्र से विधायका किरण चौधरी का इस्तीफा आज से स्वीकार कर लिया है।किरण चौधरी ने हरियाणा विधानसभा की सदस्यता आज ही इस्तीफा दिया था। हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कुछ संस्थाओ द्वारा 21 अगस्त को भारत बंद के ऐलान के मद्देनजर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था सुचारू रखने को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 21 अगस्त को प्रदेश में असामाजिक तत्वों पर विशेष तौर पर नजर रखी जाएगी। कानून व्यवस्था बाधित करने की अनुमति किसी को नही होगी तथा ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि वे भारत बंद के दौरान शरारती तथा सामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित की जा रही भड़काऊ पोस्ट व वीडियोज पर विशेष निगरानी बनाए रखें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न ना हो। श्री कपूर ने आगे बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा संवेदनशील जिलों में अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती कर दी गई है।